# IGI विश्व के बेस्ट कनेक्टेड हवाई अड्डों में से एक

[स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स]

**ऑफिसियिल एयरलाइन गाइड (OAG) की रिपोर्ट** के अनुसार, दिल्ली के **इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (IGIA)** ने **24वाँ स्थान (विश्व में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट कनेक्टेड शीर्ष 50 हवाई अड्डों में से एक)** हासिल किया है, जो **वैश्विक विमानन केंद्र** के रूप में इसके बढ़ते महत्त्व को दर्शाता है।

- OAG वैश्विक यात्रा उद्योग के लिये **विश्व का अग्रणी डेटा प्लेटफॉर्म** है।
    - रिपोर्ट के अनुसार, **लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे (LHR)** को पहले तथा मलेशिया के कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (KUL) को दूसरे स्थान पर रखा गया है।
- IGI हवाई अड्डे को भारत में **पहला [शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन] (Net-Zero Carbon Emission) कम्प्लायंट हवाई अड्डे** का दर्ज़ा दिया गया है। यह देश का एकमात्र हवाई अड्डा है जिसमें चार रनवे हैं।
    - इसने **वर्ष 2023 में देश के पहले एलिवेटेड क्रॉस टैक्सी-वे** का भी उद्घाटन किया।
- **भारत का विमानन क्षेत्र:**
    - भारत, अमेरिका और चीन के बाद **विश्व में तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाज़ार बनकर** उभरा है।
    - भारत के हवाई अड्डा नेटवर्क में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है, जिसके तहत इसके परिचालन हवाई अड्डों की संख्या **वर्ष 2014 के 74 से दोगुनी होकर अप्रैल 2023 में 148** हो गई है, जिससे हवाई यात्रा सुगमता में वृद्धि हुई है।
    - **नागरिक उड्डयन मंत्रालय (MoCA)** ने देश के हवाई अड्डों पर कार्बन तटस्थता और **शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन** प्राप्त करने की दिशा में कार्य करने की पहल की है।

**और पढ़ें:** [भारत की महत्त्वाकांक्षी हवाई अड्डों विस्तार योजना]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/igi-among-the-world-s-best-connected-airports